'सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन' के संबंध में 'अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम' से जुड़े विभिन्न मुद्दों के प्रचार-प्रसार हेतु सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार कार्य पर की गई कार्रवाई संबंधी नोट

अप्रैल 2019 - जून 2019

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)

- पत्र सूचना कार्यालय प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियों/ फीचर्स का प्रकाशन करता रहा है।

- इसके विभिन्न क्षेत्रों से उक्त विषय पर 134 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई।

लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)

- **विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी)**

- यह निदेशालय भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विषय पर इनके लिए उपलब्ध निधियों से अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।

- डीएवीपी ने उक्त तिमाही के लिए प्रिंट, दृश्य-श्रव्य और बाह्य प्रचार-प्रसार से जुड़े विषय पर कोई अभियान/प्रचार नहीं किया था।

- **लोक संपर्क ब्यूरो (एफओबी)**

- बीओसी के लोक संपर्क एककों ने प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की थीम पर देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु कई प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

- इन अभियानों का मुख्य बल चुनावी प्रक्रिया के बारे में नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को शिक्षित करना और चुनावी प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी तथा उनको जागरूक करने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी, स्वच्छ भारत मिशन और सरकार की अन्य फ्लैगशिप स्कीमों को उजागर करना था।

- ब्यूरो ने लक्षित दर्शकों के साथ नियोजित कार्यकलापों में स्थानीय भाषाओं में विशेष लोक संपर्क कार्यक्रम (एसओपी), समूह चर्चाओं, फिल्म शोज, फोटो प्रदर्शनी लगाने आदि जैसे विभिन्न फॉर्मेटों का उपयोग किया।

- ब्यूरो ने सरकार की स्कीमों पर फिल्म शोज़, समूह चर्चाओं, फोटो प्रदर्शनी आदि सहित लगभग 522 कार्यकलापों का आयोजन किया।

- ब्यूरो ने उक्त तिमाही के दौरान देश भर में कई अल्पसंख्यक बहुल गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के जरिए 144 गांवों और 48 हजार से अधिक लोगों (लगभग) को सरकारी नीतियों की जानकारी देने का कार्य किया।

<u>आकाशवाणी</u>

- सभी आकाशवाणी स्टेशनों ने 'अल्पसंख्यक कल्याण' पर उपयुक्त कार्यक्रम तैयार करके इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया है।

- विभिन्न फॉर्मेटों का प्रयोग किया गया जिसमें - वार्ता, विचार-विमर्श, साक्षात्कार आदि शामिल हैं।

- इन कार्यक्रमों में मुख्य बल 15 सूत्रीय कार्यक्रमों और सच्चर समिति रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ही रहा।

- तिमाही के दौरान आकाशवाणी स्टेशनों ने कुल 256 कार्यक्रम प्रसारित किए।

<u>दूरदर्शन</u>

- देशभर में विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों से सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन और अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर विभिन्न फॉर्मेटों के माध्यम से कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है।

- कार्यक्रमों के फॉर्मेटों में विचार-विमर्श, लाइव फोन-इन, साक्षात्कार, लाइव पैनल विचार-विमर्श आदि शामिल हैं।

***

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

अप्रैल, 2019 से जून, 2019 तक की राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

क्र. सं.	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम	बीओसी (एफओबी) द्वारा आयोजित कार्यकलापों की संख्या	पीआईबी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्तियां	आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या	दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	-	-	-	-
2	आंध्र प्रदेश	-	7	-	-
3	तेलंगाना		7	-	8
4	अरुणाचल प्रदेश	30	-	3	-
5	असम	7	6	-	-
6	बिहार	-	1	2	5
7	चंडीगढ़	-	-	-	18
8	छत्तीसगढ़	-	6	20	-
9	मध्य प्रदेश	3	-	-	-
10	दादरा और नगर हवेली	-	-	-	-
11	दमन और दीव	-	-	-	-
12	गुजरात	-	6	195	-
13	जम्मू और कश्मीर	-	-	-	-
14	झारखंड	31	-	2	3
15	कर्नाटक	223	9	3	1
16	केरल	57	-	4	10
17	लक्षद्वीप		-	-	-
18	महाराष्ट्र	-	16	5	-
19	गोवा		-	-	2
20	मिजोरम	125	7	-	-
21	मेघालय		-	-	2
22	त्रिपुरा		5	5	-
23	नागालैंड	-	-	-	6
24	मणिपुर		-	-	-
25	पंजाब	-	12	6	-

26	हिमाचल प्रदेश		10	4	-
27	हरियाणा		-	-	-
28	दिल्ली		6	-	1
29	ओडिशा	-	-	2	-
30	पुद्दुचेरी	-	-	-	-
31	राजस्थान	-	-	-	-
32	तमिलनाडु	5	7	-	-
33	उत्तराखंड	-	-	-	-
34	उत्तर प्रदेश	41	7	5	1
35	पश्चिम बंगाल	-	16	-	-
36	सिक्किम		6	-	-

***